बेमौसम बारिश से किसानों की बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग

बीकानेर, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी देहात प्रतिनिधि मण्डल द्वारा बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद, मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीकानेर जिले के नोखा, लूणकरनसर, कोलायत, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्रों में हाल ही में आई तेज आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी और कटाई के बाद खलिहानों में पड़ी रबी की फसलें लगभग 90 प्रतिशत तक खराब हो गई हैं। इसबगोल, गेहूं, जीरा और चना जैसी प्रमुख फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं। किसानों ने महंगे ब्याज पर कर्ज लेकर बीज, खाद और मजदूरी में निवेश किया था, लेकिन अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से विशेष गिरदावरी करवाकर नुकसान का आकलन करने और जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों को राहत मिल सके।

■ **बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद, मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

बेमौसम बारिश से किसानों की बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर देहात कांग्रेस ने जिला कलेक्टर नम्रता वृष्टि को सौंपा ज्ञापन।

जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि बीकानेर जिले के नोखा, लूणकरनसर, कोलायत, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्रों में बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। रबी की लगभग सभी प्रमुख फसलें-जैसे इसबगोल, गेहूं, जीरा, चना इत्यादि लगभग नष्टप्राय: हो चुकि हैं। यह स्थिति किसानों के लिए बेहद चिंताजनक है। मैं राज्य सरकार और प्रशासन से मांग करता हूँ कि तुरंत विशेष गिरदावरी कराकर नुकसान का सही आकलन किया जाए और प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकें। अगर समय रहते विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को राहत प्रदान नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी किसानों को साथ लेकर विशाल प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

भूदान बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा ने कहा कि किसानों ने बैंक, सहकारी समितियों और साहूकारों से ऊँची ब्याज दर पर कर्ज लेकर अपनी रबी की फसल तैयार की थी। बीज, खाद, ट्रैक्टर और मजदूरी पर भारी खर्च किया, लेकिन अचानक आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने हमारी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी फसलें और कटाई के बाद खलिहान में पड़ी उपज पूरी तरह खराब हो गई है। अब उनके सामने परिवार चलाने और कर्ज चुकाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। विशेष गिरदावरी करवाई जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि इस आर्थिक संकट से उबर सकें। जिला महासचिव (संगठन) प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल में महिला कांग्रेस देहात अध्यक्ष शान्ति बेनीवाल, महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष शशिकला राठौड़, अल्पसंख्यक विभाग देहात अध्यक्ष सतू खान पड़िहार, सेवादल देहात अध्यक्ष रामनिवास गोदारा, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ देहात जिलाध्यक्ष श्रवण रामावत, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सींवरी चौधरी, प्रदेश सचिव एससी विभाग एड. जितेन्द्र नायक, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नित्यानन्द पारीक, एससी विभाग पीसीसी सदस्य डॉ. प्रीति मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नोखा रामनिवास तर्ड, ब्लॉक अध्यक्ष लूणकरनसर अजय गोदारा, डीसीसी महासचिव राहुल जादुसंगत, रामसिंह मेघवाल आदि शामिल रहें।

एमएसपी पर गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी

सूरतगढ़,(निसं)। एमएसपी पर गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीणा ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी समिति में बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों, खरीद एजेंसियों, व्यापारियों और ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ खरीद व्यवस्था को सुचारू रखें, ताकि मंडी में गेहूं की खरीद बिना किसी बाधा के हो सके और किसानों, श्रमिकों व व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी न हो। एसडीएम ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे पर्याप्त मात्रा में खाली बारदाना उपलब्ध करवाएं तथा खरीदे गए गेहूं के बैगों का उठाव उसी दिन सुनिश्चित करें। बैठक में मंडी सचिव विकास साहरण ने बताया कि पिछले वर्ष एफसीआई ने 11 लाख 64 हजार गेहूं के बैगों की एमएसपी पर खरीद की थी, जबकि इस बार 12 लाख बैग खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इस बार मंडी में दो खरीद एजेंसियां एफसीआई और आरएफएससीएस गेहूं की खरीद करेंगी, जिनके लिए दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। एफसीआई द्वारा लोडिंग-अनलोडिंग के टेंडर जारी किए जा चुके हैं, जबकि आरएफसीएससी के टेंडर बुधवार तक पूरे होने की संभावना है। मंडी सचिव ने बताया कि खरीद सीजन के दौरान सुरक्षा के लिए चौकीदारों के साथ होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे।

वैज्ञानिकों व प्रगतिशील कृषकों की खजूर पर हुई विस्तृत चर्चा

बीकानेर, (निसं)। उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में 'खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन के अवसर एवं संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार मंगलवार को शुरू हुई। यह सेमिनार उद्यान विभाग, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

■ **बीकानेर को खजूर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐसे आयोजनों की मांग**

खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन के अवसर एवं संभावनाएं' विषय पर राज्य स्तरीय सेमिनार को संबोधित करते डॉ. जगदीश राणे

दो दिवसीय सेमिनार के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश राणे, विशिष्ठ अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. एन. के. शर्मा व निदेशक डीएचआरडी, डॉ एच एल देशवाल तथा विशेष अतिथि उपनिदेशक उद्यान अनुसंधान एटीसी प्रेमाराम व खजूर उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र सिंह राठौड़ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्यान विभाग की उपनिदेशक रेणु वर्मा सेमिनार की अध्यक्षता की एवं अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश राणे ने बताया कि जिले में खजूर क्षेत्र विस्तार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बीकानेर को खजूर हब के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। निदेशक (अनुसंधान) डॉ. एन के शर्मा ने बताया कि खजूर उत्कृष्टता केंद्र में खजूर की 50 से अधिक किस्मों का संग्रहालय है खजूर अनुसंधान का लाभ किसानों को व्यापक रूप से मिलना चाहिए। विभाग द्वारा किसानों को सही गुणवत्ता वाले टिशु कल्चर पौधे उपलब्ध करवाए जाने चाहिए।

डेहरु माता मंदिर में नवरात्रि अष्टमी को होगा जागरण

बीकानेर(निसं)। नाल रोड स्थित कुल देवी डेहरु माता मंदिर में 25 मार्च चेत्र नवरात्रा की अष्टमी को रात्रि 8 बजे को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।समिति के अध्यक्ष एड. पवन पुरोहित ने बताया कि बीकानेर के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार सावरमल रंगा एंड पार्टी द्वारा मंदिर प्रांगण में भव्य जागरण आयोजन होगा जिसमें आस पास के शहरों व गांवों के लोग सांस्कृतिक संध्या का लाभ लेने पहुंचेंगे ,समिति के भंवर पुरोहित ने सभी धर्म प्रेमियों से आ ान करते हुए कहा कि ये चैत्र महीना सनातन संस्कृति का धर्म परायण मास है जिसमें सभी धर्म प्रेमी नवरात्रि में अपने घरो और देवालयों में मांगलिक कार्यों का आयोजन करते हुए देवी की स्तुति करते है जिससे विश्व में सामाजिक सौहार्द का वारवरण कायम रहे।समिति के सदसयों ने आव्हान किया कि अधिक से अधिक धर्म प्रेमी अष्ठमी को पहुंचकर भक्ति संध्या का हिस्सा बने। बैठक में कमेटी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पेट्रोल खत्म होने की अफवाह पर पंपों पर भीड़

बीकानेर,(निसं)। यहां पेट्रोल खत्म होने की अफवाह फैलते ही कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ लग गई। लोग घबरा के पेट्रोल भरवाने के लिए पहुंचने लगे, जिससे गाडियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। हालांकि, मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई। दरअसल, बीकानेर में एचपीसीएल के एरिया मैनेजर राशिम नकाडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत बढ़ने के कारण आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने डीलर्स को उधार पर पेट्रोल-डीजल देना बंद कर दिया है। राशिम नकाडे बोले- अब उधार की जगह पहले से पैसा जमा (एडवांस) कराने की व्यवस्था कर दी गई है। एडवांस की वजह से कुछ पेट्रोल पंप संचालक एडवांस भुगतान नहीं कर पाने के कारण समय पर ईंधन मंगाने में दिक्कत का सामना कर रहे हैं, और सप्लाई आने में थोड़ी देरी हो रही है।

■ **प्रशासन ने दावा किया है कि पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है, अगले तीन महीनों के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है**

इसी कारण कुछ जगहों पर भ्रम की स्थिति बन गई थी और लोगों में घबराहट फैल गई थी। पेट्रोल खत्म नहीं हुआ है, यह सिर्फ अफवाह थी, इसलिए घबराए नहीं। प्रशासन ने दावा किया है कि पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। अगले तीन महीनों के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कोई कमी नहीं है। बीकानेर के मुरलीधर व्यास नगर स्थित सारण पेट्रोल पंप के बंद होने की अफवाह के बाद, जहां सोमवार रात को लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी, वहीं मंगलवार सुबह स्थिति पूरी तरह सामान्य नजर आई। बीकानेर के मुरलीधर व्यास नगर स्थित सारण पेट्रोल पंप के बंद होने की अफवाह के बाद, जहां सोमवार रात को लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।

रेजिन आर्ट प्रशिक्षण शिविर शुरू, बधिर बालिकाओं को सिखाए जा रहे कौशल

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार और महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बधिर) में मंगलवार को जिले में बालिकाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेजिन आर्ट का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। यह शिविर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 9 बधिर बालिकाओं को रेजिन आर्ट की बारीकियां सिखाई जा रही है। प्रशिक्षक निशा थिरानी, पिंकी और उमंग द्वारा प्रतिभागियों को रेजिन आर्ट के तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ इसे आजीविका का माध्यम बनाने की जानकारी दी।

■ **प्रशिक्षण में 9 बधिर बालिकाओं को रेजिन आर्ट की बारीकियां सिखाई जा रही है**

प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी ने अनुवादक रोहित आचार्य और उप प्राचार्य उम्मेद सिंह के सहयोग से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।विद्यालय की प्राचार्य रेणु वर्मा और अध्यापिका सुनीता गुलाटी ने भी बालिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद लगातार प्रगति कर रही हैं। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक रश्मि कल्ला, गर्विता पारीक और पीएसएसके केंद्र प्रबंधक कविता हुरकट सहित विद्यालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर बालिकाओं को रेजिन आर्ट किट और विभागीय प्रचार सामग्री देकर सम्मानित किया गया।शिविर के दौरान बालिकाओं द्वारा बनाए गए रेजिन आर्ट के ट्रे और पोस्टर बेहद आकर्षक और रचनात्मक नजर आए। कार्यक्रम में सभी ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए संदेश दिया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

राज्य वित्त आयोग की बैठक 9 एवं 10 अप्रैल को

बीकानेर,(निसं)। सप्तम राज्य वित्त आयोग द्वारा संभाग के शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विचार विमर्श के लिए सप्तम राज्य वित्त आयोग की बैठक 9 व 10 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के 9 अप्रैल को प्रात: 11:30 बजे बीकानेर संभाग के समस्त जिलों के प्रमुख मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानों, विकास अधिकारियों के तथा शहरी स्थानीय निकाय को 10 अप्रैल को प्रात: 11 बजे महापौर, आयुक्त, नगर निगम, अध्यक्ष, सभापति, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी, नगर परिषद, नगर पालिका, बीकानेर संभाग एवं क्षेत्रीय उपनिदेशक के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। सभी प्रतिभागी अधिकारियों को आवश्यक प्रेजेंटेशन और सूचनाओं के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा निमंत्रण

बीकानेर,(निसं)। बजरंग धोरा धाम समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मृदुल कच्छावा (पुलिस अधीक्षक, बीकानेर) से शिष्टाचार भेंट कर आगामी हनुमान जन्मोत्सव (2 अप्रैल) के भव्य आयोजन का निमंत्रण पत्र सौंपा। समिति के आशीष दाधीच ने बताया कि नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष पुलिस व्यवस्था किए जाने का निवेदन भी किया गया।

■ **हनुमान जन्मोत्सव के भव्य आयोजन का निमंत्रण पत्र सौंपा**

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को सौंपा निमंत्रण।

पुलिस अधीक्षक ने आयोजन को लेकर आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा।इस अवसर पर पवन सुथार, मनोज पंचारिया सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने बीकानेर में 100 दिवसीय सघन अभियान का किया आगाज

बीकानेर, (निसं)। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिला क्षय निवारण केंद्र की ओर से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष सघन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के हाई रिस्क ग्रामीण इलाकों में टीबी स्क्रीनिंग के साथ-साथ बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांचें भी की जाएंगी। विशेष रूप से हैंड-हेल्ड एक्सरे मशीन के माध्यम से मौके पर ही एक्सरे सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि रोगियों की शीघ्र पहचान हो सके। संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस अभियान को एक 'जन आंदोलन' की तरह लेना होगा, जिसमें हर नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। टीबी दिवस पर जागरूकता फैलाने के लिए रिक्शा द्वारा प्रचार-प्रसार सामग्री, पैम्फलेट और स्टिकर्स का वितरण करवाया जा रहा है। पूरे जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी जागरूकता और स्क्रीनिंग के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले भर में पोस्टर्स और विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर जन-भागीदारी को मजबूत किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. सुधांश खत्री ने विश्वास जताया कि पूरी मेडिकल टीम आपसी समन्वय से इस 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान आरसीएचओ डॉ भवानी शंकर गहलोत, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ योगेंद्र तनेजा, डॉ. नवल गुप्ता, टीबी क्लिनिक के चिराग भार्गव, प्रताप सिंह, विक्रम सिंह राजावत, रामधन पंवार, शाहबान, मनोज मोदी सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बीकानेर में 100 दिवसीय सघन अभियान का किया आगाज।

■ **डोर-टू-डोर होगी स्क्रीनिंग और हैंड हेल्ड मशीन से एक्सरे**

कैंसर हॉस्पिटल में पायलट प्रोजेक्ट सफल

बीकानेर,(निसं)। आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों का निशुल्क इलाज शुरू हो गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक महीने में 40 मरीजों का इलाज किया गया। इसे देखते हुए अब इस योजना को पीबीएम हॉस्पिटल के सभी विभागों में लागू करने की तैयारी की जा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना कहा जाता है, जिसका उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस योजना को 23 सितंबर 2018 को पूरे भारत में लागू किया गया था, लेकिन राज्य सरकार की मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के चलते पीबीएम प्रशासन इसे लागू करने में हिचकिचा रहा था। इसकी वजह से दूसरे राज्यों से आने वाले कैंसर के मरीजों के यहां इलाज पर लाखों रुपए खर्च हो जाते थे।

सार-समाचार

जिले में डीजल-पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध- डीएसओ

बीकानेर, (निसं)। जिले में डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भी आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा बिना आवश्यकता के ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें। प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है।जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में नियमित रूप से डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है।पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जिले में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल द्वारा क्रूड ऑयल के प्राइज़ अंतराष्ट्रीय बाज़ार में बढ़ने से डीलर्स को उधार (क्रेडिट) पर डीजल-पेट्रोल देने की व्यवस्था बंद की गई है। उधार देने के बजाय इसको एडवांस में कन्वर्ट किया गया है ।इसके चलते कुछ पेट्रोल पंप संचालक अग्रिम भुगतान (एडवांस) के अभाव में ईंधन नहीं मंगा पा रहे हैं, जिससे कुछ स्थानों पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम कंपनियों के पास देश भर में आगामी तीन महीनों के लिए डीजल एवं पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है।

अनगिनत अंबाएँ नाट्य कृति का लोकार्पण कल

बीकानेर, (निसं)। राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा की नाट्य कृति 'अंलेखू अंबा' जो कि साहित्य अकादेमी नई दिल्ली के राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत है। इस कृति का हिन्दी अनुवाद देश के ख्यातनाम कवि-कथाकार, आलोचक एवं अनुवादक मालचंद तिवाड़ी द्वारा किया गया है। प्रज्ञालय संस्थान के वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने बताया कि हिन्दी में अनूदित कृति 'अनगिनत अंबाएँ' को साहित्य अकादेमी नई दिल्ली द्वारा हाल ही में प्रकाशित किया गया है। इसी कृति का लोकार्पण 26 मार्च, 2026 वार गुरूवार को सुदर्शन कला दीर्घा नागरी भण्डार में सायं 5:30 बजे होगा। ज्ञात रहे कि इस कृति के अनुवादक मालचंद तिवाड़ी भी साहित्य अकादेमी नई दिल्ली से पुरस्कृत हैं, और आपकी अनेक हिन्दी-राजस्थानी की पुस्तकें चर्चित रही हैं। आप कुशल अनुवादक के रूप में भी अपनी पहचान रखते है। मूल कृति 'अंलेखू अंबा' राजस्थानी नाटक के रचनाकार कमल रंगा केवल राजस्थानी भाषा में ही सृजन करते है। आपकी अभी तक 14 काव्य संग्रह, 6 नाटक, 3 कहानी संग्रह, 3 आलोचना, 2 डायरी विधा, 3 बाल साहित्य, 4 अनुवाद, व्यंग्य, संस्मरण एवं निबंध आदि विधाओं में करीब 40 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस कृति पर अपनी टीप वरिष्ठ साहित्यकार शंकरसिंह राजपुरोहित एवं युवा साहित्यकार विपल्व व्यास रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शायर क़ासिम बीकानेरी करेंगे।

सेनेटरी नेपकिन भेंट किये

बीकानेर, (निसं)। मार्चमहावीर इंटरनेशनल गंगाशहर ने अपने नियमित सेवा प्रकल्प गरिमा प्रोजेक्ट के तहत राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय गंगाशहर को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा प्राप्त 100 सेनेटरी नेपकिन भेट किये। इचरज पंचारिया ने महिलाओ मे सेनेटरी नेपकिन वितरित किये तथा कहा की महिला स्वास्थ सुरक्षा हेतु महावीर इंटरनेशनल की सेवा अनुकरणीय है ऑआभार व्यक्त करते हुवे इस सेवा के निरंतर चलते रहने की कामना की सैवा के इस अवसर पर केन्द्र सचिव चन्द्र कुमार राखेचा, टोडर मल चोपड़ा, चिकित्सा प्रभारी बच्छराज रांका, कल्याण चंद चोपड़ा, कन्हैया लाल बोथरा, इचरज पंचारिया, ममता दैया उपस्थित रहे।

तीन सीनियर नर्सिंग ऑफिसर बने अधीक्षक

बीकानेर, (निसं)। निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ सेवाएं ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में 137 सीनियर नर्सिंग ऑफिसरों को डीपीसी के तहत नर्सिंग अधीक्षक बनाया है। इनमें पीबीएम हॉस्पिटल के भी तीन सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शामिल हैं। वरिष्ठता में उच्च होने के कारण लता नायर को जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक का चार्ज सौंपा गया है। सीनियर नर्सिंग ऑफिसरों की वरिष्ठता सूची में लता नायर, सीताराम बंजारा और किरण रोहिल्ला को पदोन्नति मिली है। तीनों को नर्सिंग अधीक्षक बना दिया गया है। इनमें वरिष्ठ होने के कारण लता नायर को जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक(डीसीएनएस) का कार्यभार सौंपने के आदेश पीबीएम अधीक्षक डॉ. बीसी घीया ने जारी कर दिए। इससे पहले सीताराम बंजारा के पास डीसीएनएस का चार्ज था। सीमा कुमारी के रिटायर होने के बाद उन्हें चार्ज सौंपा गया था। बंजारा करीब चार महीने ही इस पद पर रहे। लता के डीसीएनएस बनने के बाद अब इन दोनों का पदस्थापन ब्लॉक में होना है। पीबीएम में नर्सिंग अधीक्षक के ए मरदाना, बी जनाना और सी ब्लॉक टीबी अस्पताल में तीन ही पद हैं। वर्तमान में तीनों पर ही जूनियर को लगाया हुआ है। इन पर नियमानुसार वरिष्ठ को स्थान मिल सकेगा। अधीक्षक से विवाद के कारण हटे बंजारा पीबीएम हॉस्पिटल में जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक आम तौर पर उसी को लगाया जाता है, जो पीबीएम अधीक्षक से समन्वय बनाकर चले। पिछले दिनों नर्सिंग कर्मियों की ड्यूटी, ठेके के नर्सिंग ऑफिसरों को नियुक्ति देने को लेकर सीताराम बंजारा और पीबीएम अधीक्षक डॉ. बीसी घीया में विवाद हो गया था। अधीक्षक ने प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए आए नर्सिंग ऑफिसरों को वार्डों में लगाने के आदेश जारी किए थे, लेकिन बंजारा ने इन ऑफिसरों को ड्यूटी जॉइन करने से मना कर दिया था। उसे लेकर काफी समय से दोनों के बीच टकराव चल रहा था।

आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप

बीकानेर(निसं)। शिक्षा के अधिकार में चयनित बच्चों के अवैध रूप से निरस्त किये गये प्रवेश का अब विरोध होना शुरू हो गया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी ने सोमवार को जिला कलक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के नाम कलक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में किये गये प्रदर्शन में रोष जताया गया है कि जिन बच्चों का आरटीई के तहत प्रवेश के लिये चयन हुआ है। उन्हें कई निजी स्कूल बिना किसी वैद्य कारण के प्रवेश से मना कर रहे है। इतना ही नहीं कुछ विद्यालय तो फर्जी दस्तावेजों का बहाना बनाकर प्रवेश निरस्त कर रहे है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2026/5227 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.03.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 7 में माप 25 इन्टू 45 फीट, भूखण्ड संख्या एमई-108, महालक्ष्मी एन्कलेव श्रीगंगानगर का आवासीय पटटा संख्या 4440 दिनांक 22.07.2015 को श्री पुनीत सिंगल पुत्र श्री भीम कुमार के नाम से जारी है। श्रीमती माला पत्नी श्री राम कुमार निवासी कोहला चक 16 एसएसडब्ल्यू, तहसील व जिला हनुमानगढ़ द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.01.2026 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- निबोधन/2026/365 **विज्ञप्ति** दिनांक :- 12.03.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 2 किला नं. 18 के भूखण्ड संख्या C-05 Corner क्षेत्रफल 130.73 वर्गगज का आवासीय पट्टा संख्या 9862 दिनांक 15.10.2019 द्वारा श्री पूर्णपाल सिंह बराड़ पुत्र श्री सुरजेव सिंह बराड़ निवासी 39 एच बुजंवाला, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर के नाम से न्यास द्वारा जारी है। उक्त मूल भूखण्ड में से उपविभाजन एवं पुनर्गठन हेतु यथाकुल 876.50 वर्गफीट का आवेदनानुसार न्यास कार्यालय आदेश क्रमांक निबोधन/2025/1317-1318 दिनांक 03.10.2025 द्वारा आवेदक/प्रार्थी श्रीमती मन्जु गुप्ता पत्नी श्री नवदीप गुप्ता के नाम से उपविभाजन+पुनर्गठन आदेश जारी है। उक्त वर्णितानुसार आवासीय भूखण्ड संख्या C-05 (Part) यथाकुल क्षेत्रफल माप 876.50 वर्गफीट का निबन्धनुसार नामान्तरण आदेश क्रमांक SGNR/FY25-26/MUT/994 दिनांक 18.12.2025 द्वारा श्रीमती मन्जु